*No. of Printed Pages : 7*

**2025**

# सामान्य अध्ययन – IV

## (नीतिशास्त्र, सत्यनिष्ठा और अभिरुचि)

# General Studies – IV

## (Ethics, Integrity and Aptitude)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : 3 Hours]* *[Maximum Marks : 200*

**भाग – 1 / Part – 1**

**नोट :** *इस भाग में कुल 05 प्रश्न (प्रश्न संख्या–01 से 05 तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है ।*

**Note :** *This part contains 05 questions (Question number–01 to 05). **All** questions are compulsory. Each question carries 04 marks. The word limit for each question is 50 words.*

SamvegIAS

1. नैतिक मूल्यों में पतन (गिरावट) का सिविल सेवकों की कार्यशैली पर क्या प्रभाव पड़ता है ? क्या सिविल सेवकों के लिए नैतिक मूल्यों का अनुपालन अनिवार्य होना चाहिए ? **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

   What is the impact of degradation of moral values on the working-style of civil servants ? Is it be mandatory for civil servants to follow moral values ? **(Word Limit : 50 Words)**

2. संवेगात्मक क्षमताओं के सन्दर्भ में आत्म–जागरूकता एवं सामाजिक जागरूकता के मध्य अंतर कीजिए । **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

   In reference of emotional competencies, differentiate between Self-Awareness and Social Awareness. **(Word Limit : 50 Words)**

3. प्रभावकारी एवं वस्तुनिष्ठ प्रशासन के लिए निष्पक्षता (भेदभाव रहित) की अनिवार्यता की व्याख्या कीजिए । **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

   Explain the essentiality of impartiality in effective and objective administration. **(Word Limit : 50 Words)**



Scanned with OKEN Scanner

4. अन्तर्राष्ट्रीय नैतिकता के प्रमुख स्रोत कौन-कौन से हैं ? **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

What are the key sources of international ethics ? **(Word Limit : 50 Words)**

5. लोक सेवकों की कार्यशैली में पारदर्शिता में वृद्धि हेतु सरकार द्वारा कौन से प्रमुख उपायों (प्रयासों) एवं क्रिया विधियों को लागू किया गया है ? **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

What are the main initiatives and mechanism have been introduced by the government to enhance the transparency in civil services working ? **(Word Limit : 50 Words)**

## भाग – 2 / Part – 2

**नोट :** इस भाग में कुल **10** प्रश्न (प्रश्न संख्या-**06** से **15** तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **08** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा **100** शब्द है ।

**Note :** This part contains **10** questions (Question number-**06** to **15**). **All** questions are compulsory. Each question carries **08** marks. The word limit for each question is **100** words.

6. निजी एवं सार्वजनिक सम्बन्धों में नीतिशास्त्र की भूमिका को परिभाषित कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Define the role of ethics in private and public relationships. **(Word Limit : 100 Words)**

7. "'एकात्म मानववाद' मानव को समग्रता में स्वीकार करता है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

"'Ekatma Manavvada' (Integral Humanism) beholds human in his totality." Analyse this statement. **(Word Limit : 100 Words)**

8. 'स्वयं की खोज का सर्वोत्तम मार्ग यह है कि स्वयं को अन्यों की सेवा में विलीन कर दें ।' कथन की समीक्षा कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

'The best way to find yourself is to dissolve oneself in the service of others.' Review the statement. **(Word Limit : 100 Words)**

9. क्या आप सोचते हैं कि नैतिक अभिवृत्ति सुशासन के लिए एक आवश्यक गुण है ? यदि हाँ, तो विवेचना कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Do you think moral attitude is an essential attribute for good governance ? If yes, then explain. **(Word Limit : 100 Words)**



SamvegIAS

Scanned with OKEN Scanner

10. क्या एक लोक सेवक के लिए अपने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते समय वस्तुनिष्ठ रह पाना सम्भव है ? विवेचना कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Whether it is possible for a civil servant to be objective while discharging his administrative duties ? Explain. **(Word Limit : 100 Words)**

11. आपके दृष्टिकोण के अनुसार, क्या अच्छे एवं सफल प्रशासन एवं सुशासन के लिए बुद्धि लब्धि (आई.क्यू.) की तुलना में भावनात्मक लब्धि (ई.क्यू.) अधिक महत्त्वपूर्ण है ? टिप्पणी कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

According to your view point, whether Emotional Quotient (EQ) is considered more important as compared to Intelligence Quotient (IQ) for good and successful administration and governance ? Comment. **(Word Limit : 100 Words)**

12. विवेचना कीजिए कि सहमत कराना (राजी करना) सामाजिक प्रभाव का महत्त्वपूर्ण रूप है तथा सहमत कराने की प्रक्रिया को वर्णित करते हुए प्रशासन में इसके महत्त्व की व्याख्या कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Discuss that persuasion is an important form of social influence, describing the process of persuasion, explain its importance in administration. **(Word Limit : 100 Words)**

13. आपके राज्य में पंचायती राज संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण किस प्रकार सहायक है ? उदाहरण सहित समझाइए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

How can social audit help in ensuring transparency in working of Panchayati Raj Institutions of your state ? Explain with examples. **(Word Limit : 100 Words)**

14. भारत में सेवा प्रदान करने में गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपने सुझाव दीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Give your suggestions to improve the quality of services delivery in India. **(Word Limit : 100 Words)**

15. सार्वजनिक धन के अकुशल उपयोग के कारणों की व्याख्या कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Explain the reasons for inefficient use of public funds. **(Word Limit : 100 Words)**

SamvegIAS

## भाग – 3 / Part – 3

**नोट :** इस भाग में कुल 10 प्रश्न (प्रश्न संख्या–16 से 25 तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है ।

**Note :** This part contains 10 questions (Question number–16 to 25). **All** questions are compulsory. Each question carries 10 marks. The word limit for each question is 150 words.

16. "सुकरात की अभिरुचियाँ वैज्ञानिक प्रकृति की होने की बजाय नीतिपरक थीं" दृष्टांत सहित व्याख्या कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

'Socratic interests were more ethical than scientific.' Discuss with examples. **(Word Limit : 150 Words)**



Scanned with OKEN Scanner

17. नैतिक शासन के लिए आवश्यक है कि 'गोपनीयता की संस्कृति' के बजाय 'पारदर्शिता की संस्कृति' विकसित की जाये । आलोचनात्मक परीक्षा कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

It is necessary for ethical governance that 'Culture of Transparency' should be developed instead of 'Culture of Privacy'. Critically examine. **(Word Limit : 150 Words)**

18. अभिरुचि/अभिक्षमता की व्याख्या करते हुए यह स्पष्ट करें कि प्रभावशाली एवं सुशासन के लिए किस प्रकार की अभिक्षमताएँ/अभिरुचियाँ एक सिविल (लोक) सेवक में अनिवार्यतः होनी चाहिए ।

**(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Describing the aptitude, elucidate that which type of aptitudes a civil servant must possess for effective and good governance. **(Word Limit : 150 Words)**

19. "आज का प्रशासन लोक सेवकों की अभिवृत्ति और व्यवहार में क्रांतिकारी परिवर्तन की माँग करता है ।" टिप्पणी कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

"Today's administration demands for a revolutionary change in the attitude and behaviour of public servants." Comment. **(Word Limit : 150 Words)**

20. प्रशासनिक कार्यों के दौरान एक सिविल (लोक) सेवक को समानुभूतिक क्यों होना चाहिए ? एक लोक सेवक समानुभूति को किस प्रकार विकसित कर सकता है ? वर्णन कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

During the administrative works, why a civil servant should be empathetic ? How a civil servant may develop empathy ? Describe. **(Word Limit : 150 Words)**

21. "सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 ने सुशासन को ज्यादा व्यावहारिक बनाया है ।" अपने राज्य के उचित उदाहरणों से इस वक्तव्य का मूल्यांकन कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

"RTI Act-2005 plays a significant role in making good governance more practical." Evaluate the statement with suitable examples of your state. **(Word Limit : 150 Words)**

22. शासन में ईमानदारी के पूर्वापेक्षित घटकों की पहचान करें और यह प्रमाणित करें कि प्रभावी प्रशासन के लिए इसका पालन क्यों चुनौतीपूर्ण है । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Identify the pre-requisite components of probity in governance and justify why its adherence is challenging for effective administration. **(Word Limit : 150 Words)**



SamvegIAS

Scanned with OKEN Scanner

23. निम्नलिखित प्रकरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए तथा इसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

एक व्यक्ति नदी में डूब रहा था । नदी के तट पर अ, ब तथा स नामक तीन व्यक्ति डूबते हुए व्यक्ति के जीवन को बचाना चाहते थे ।

अ : उसे इसलिए बचाना चाहता था कि पुलिस विभाग ने उस व्यक्ति को पकड़वाने या गिरफ़्तार करवाने वाले व्यक्ति के लिए पाँच लाख का पुरस्कार घोषित किया है ।

ब : उसे इसलिए बचाना चाहता था क्योंकि वह उसका नज़दीकी रिश्तेदार था ।

स : डूबते व्यक्ति को बचाने की कर्तव्य चेतना या बोध के कारण उसे बचाना चाहता था ।

उपरोक्त संदर्भ के आधार पर उनके कर्म के नैतिक या अनैतिक होने के पीछे आप अपना तर्क दें ।

(a) अ का कर्म नैतिक है अथवा अनैतिक ? आप अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दें । **(शब्द सीमा : 60 शब्द) 04**

(b) ब का कर्म नैतिक है अथवा अनैतिक ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दें । **(शब्द सीमा : 60 शब्द) 04**

(c) स का कर्म नैतिक है अथवा अनैतिक ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दें । **(शब्द सीमा : 30 शब्द) 02**

Read carefully the following passage and answer the questions that follows :

A person was drowning in a river. Three persons named A, B and C on the bank of the river wanted to save the life of the drowning person.

A : Wanted to save his life because the police department has declared ₹ 5 lakhs as reward to a person who helps in his arresting.

B : Wanted to save his life because he was a close relative of B.

C : Wanted to save him because of awareness of his duty to save the life of the drowning person.

Now on the basis of the above case, give the reasoning behind moral or immoral act of them.

(a) Is the act of A moral or immoral ? Give reasons in support of your answer. **(Word Limit : 60 Words)**

(b) Is the act of B moral or immoral ? Give reasons in support of your answer. **(Word Limit : 60 Words)**

(c) Is the act of C moral or immoral ? Give reasons in support of your answer. **(Word Limit : 30 Words)**

24. दिए गए प्रकरण का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आप एक नगर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं । आपके नगर में एक बड़ा महाविद्यालय स्थित है । पूर्व में यह महाविद्यालय बहुत प्रतिष्ठित तथा प्रसिद्ध था । वर्तमान में यहाँ के शिक्षक अपने दायित्वों एवं कर्त्तव्यों के प्रति उदासीन रहते हैं, विद्यार्थियों की कक्षाएँ नियमित रूप से नहीं लगती हैं, शिक्षक एवं कर्मचारी महाविद्यालय में समय से नहीं आते हैं । महाविद्यालय के परीक्षा परिणामों में दिनो-दिन गिरावट हो रही है । महाविद्यालय के छात्रों में अनुशासनहीनता बढ़ रही है, महाविद्यालय की शिक्षणोत्तर गतिविधियों का स्तर गिर रहा है । साथ ही महाविद्यालय का भवन जर्जर हो गया है एवं महाविद्यालय में अन्य आधारभूत सुविधाओं की स्थिति भी ठीक नहीं है ।



Sanvegias
Scanned with OKEN Scanner

आप नगर के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में निम्न संदर्भों में इस समस्या का समाधान कैसे करेंगे ? **(शब्द सीमा : 150 शब्द)** *10*

(a) महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के व्यवहार एवं कार्य–संस्कृति में सुधार की दृष्टि से । **(शब्द सीमा : 60 शब्द)** *04*

(b) महाविद्यालय के विद्यार्थियों के प्रेरणा स्तर में वृद्धि करने की दृष्टि से । **(शब्द सीमा : 60 शब्द)** *04*

(c) महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाओं में सुधार की दृष्टि से । **(शब्द सीमा : 30 शब्द)** *02*

Study the following case study carefully and answer the following questions :

You are senior administrative officer in the city. There is a large college located in your city. Earlier this college was very prestigious and famous. At present, the teachers, have remain indifferent towards their responsibilities and duties, classes for the students are not held regularly, teachers and staff do not come to the college on time. The college's exam results are declining day by day. Indiscipline among students of college is increasing, and the level of extra co-curricular activities at the college is declining. Besides the college building, it has become dilapidated and the condition of other basic facilities in the college is not good.

As a senior administrative officer of the city, how would you solve this problem in the following contexts ? **(Word Limit : 150 Words)**

(a) From the perspective of improving the behaviour and work culture of the college's teachers and staff. **(Word Limit : 60 Words)**

(b) From the perspective of increasing the motivation of the college's students. **(Word Limit : 60 Words)**

(c) From the perspective of improving the college's infrastructure. **(Word Limit : 30 Words)**

25. दिये गये प्रकरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए एवं निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(शब्द सीमा : 150 शब्द)** 10

एक प्रमुख दवा कम्पनी के प्रबंध निदेशक को प्रबन्धन बोर्ड में नए निदेशकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्णय लेना है । कम्पनी अच्छा कारोबार कर रही है, लेकिन वित्तीय अनियमितताएँ सामने आई हैं ।

प्रबंध निदेशक पर मौजूदा प्रबंधन की ओर से शीर्ष प्रबंधन के साथ घनिष्ठ व्यक्तिगत सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों को नियुक्त करने का भारी दबाव है, जिससे बोर्ड की स्वतंत्रता पर खतरा मंडरा सकता है । प्रबंध निदेशक कम्पनी के विकास को बनाए रखने और कॉर्पोरेट प्रशासन के सिद्धान्तों को बनाये रखने में उलझे हुए हैं ।

निम्नलिखित प्रश्नों के हल लिखें :

(a) नैतिक दुविधा **(शब्द सीमा : 60 शब्द)** 04

(b) कॉर्पोरेट प्रशासन के सिद्धान्तों का पालन **(शब्द सीमा : 60 शब्द)** 04

(c) दीर्घकालीन परिणाम **(शब्द सीमा : 30 शब्द)** 02



SamvegIAS
Scanned with OKEN Scanner

Read the given phrase carefully and answer the questions that follow :

**(Word Limit : 150 Words)**

Managing Director of a prominent pharmaceutical company is faced with a decision regarding appointment of new directors to the Board of Management. The company is doing a roaring business but financial irregularities have come to light.

The Managing Director is under tremendous pressure from the existing management to appoint individuals with close personal ties to the top management, which potentially can compromise the board's independence. Managing Director is in a fix and sandwiched between maintaining company's growth and uphold Corporate Governance principles.

Write solutions for the following questions :

(a) Ethical dilemma. ***(Word Limit : 60 Words)***

(b) Upholding Corporate Governance Principles. ***(Word Limit : 60 Words)***

(c) Long-term consequences ***(Word Limit : 30 Words)***

---

SamvegIAS

Scanned with OKEN Scanner